COSMO FILMS
Engineered to Enhance

# कोस्मो फ़िल्म्स ने किया अपने सिंथेटिक पेपर पोर्टफ़ोलियो का विस्तार; हाई टियर रेसिस्टेंट ड्यूल–साईड कोटेड पीपी शीट फिल्म का किया लॉन्च

नया प्रिंटेबल सिंथेटिक पेपर, कागज़ जैसे लुक के साथ–साथ मज़बूती (आसानी से न फटने की क्षमता) और स्थिरता का बेहतरीन संयोजन है, कई तरह की प्रिंटिंग क्षमताओं के साथ आता है

नई दिल्ली, 25 अगस्त, 2026: पैकेजिंग, लैमिनेशन, लेबलिंग और इंडस्ट्रियल ऐप्लीकेशन्स के लिए स्पेशलटी फ़िल्म्स बनाने वाली ग्लोबल लीडर, कोस्मो फ़िल्म्स ने अपने सिंथेटिक पेपर पोर्टफ़ोलियो का विस्तार करते हुए 'हाई टियर रेसिस्टेंट फ्लेक्सो/थर्मल ट्रांसफ़र प्रिंटेबल – बोथ साईड कोटेड प्रोडक्ट लॉन्च किया है। पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) शीट फ़िल्म से बने इन प्रोडक्ट्स को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि ये प्लास्टिक फ़िल्म की मज़बूती और फटने से बचने की क्षमता के साथ–साथ पेपर जैसा लुक और फील भी देते हैं।

इस नए सिंथेटिक पेपर के दोनों तरफ़ को–एक्सट्रूडेड और मैट–कोटेड सरफेस है, जिससे यह पेपर जैसा दिखता है और दोनों तरफ़ उच्च गुणवत्ता की प्रिंटिंग की जा सकती है। इसे ऐसे कामों के लिए बनाया गया है जहाँ आम पेपर के फटने या खराब होने का डर रहता है। इसके लिए प्रोडक्ट में मज़बूती, स्थिरता और टिकाऊपन के साथ–साथ कई तरह की प्रिंटिंग और कन्वर्टिंग प्रक्रियाओं के साथ काम करने की क्षमता भी है। यह प्रोडक्ट यूवी ऑफ़सेट, वॉटर–बेस्ड और यूवी फ्लेक्सो, तथा दोनों तरफ़ थर्मल ट्रांसफ़र प्रिंटिंग को भी सपोर्ट करता है, जिससे ब्रांड और कन्वर्टर– उच्च गुणवत्ता के टिकाऊ टैग एवं लेबल बना सकते हैं। इसे डाई–पंच और प्रेसीज़न परफ़ोरेट भी किया जा सकता है, जिससे कस्टमाइज़्ड ऐप्लीकेशन्स के लिए ज़्यादा प्रत्यास्थता मिलती है।

लॉन्च के अवसर पर बात करते हुए, कोस्मो फिल्म्स के ग्लोबल बिज़नेस हेड, श्री कुलभूषण मलिक ने कहा, "सिंथेटिक पेपर एक महत्वपूर्ण स्पेशलिटी फिल्म कैटेगरी के रूप में उभर रहा है, क्योंकि ब्रांड और बिज़नेस ऐसे मटीरियल की उम्मीद रखते हैं जो पेपर के विज़ुअल अपील के साथ–साथ मजबूती और बेहतरीन परफोर्मेन्स भी दे। नए हाई टियर रेसिस्टेंट फ्लेक्सो/थर्मल ट्रांसफर सिंथेटिक पेपर के साथ, हम उन एप्लीकेशन पर ध्यान दे रहे हैं जहाँ टियर रेसिस्टेंस, प्रिंट परफॉर्मेंस और डाइमेंशनल स्टेबिलिटी बहुत ज़रूरी हैं। मुश्किल टैग और आइडेंटिफिकेशन एप्लीकेशन के साथ आधुनिक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के द्वारा दोनों तरफ प्रिंट करने की क्षमता इसे बेहद खास बनाती है।''

125, 150, 200 और 250 माइक्रोन की मोटाई में उपलब्ध इस प्रोडक्ट को अधिकतम 1,550 चौड़ाई वाली रील के रूप में पेश किया जाता है। पीपी–आधारित इस शीट को एफडीए से अनुमोदन मिल चुका है। ऐसे में यह उन ऐप्लीकेशन्स के लिए बेहतरीन है जिनमें मटीरियल

की सुरक्षा और खाने–पीने की चीज़ों के संपर्क में आने पर कड़े मानकों की ज़रूरत होती है। यह प्रोडक्ट खास तौर पर मज़बूत टैग और पहचान वाले लेबल के लिए उपयुक्त है, जैसे कि कपड़ों के हैंग टैग, पेड़ों के टैग, एयरपोर्ट ट्रांसफर टैग, बागवानी में पहचान वाले टैग और मवेशियों की पहचान वाले टैग; साथ ही उन अन्य कामों के लिए भी जहाँ फटने से बचाव और बार–बार इस्तेमाल किए जाने पर भी मजबूती बने रहना बेहद ज़रूरी होता है।

यह लॉन्च कोस्मो फिल्म्स की आर एंड डी क्षमता तथा ऐप्लीकेशन–विशिष्ट फिल्म समाधानों पर फोकस का परिणाम है। कंपनी के सिंथेटिक पेपर पोर्टफोलियो में पहले से ही ऐसे प्रोडक्ट शामिल हैं जिन्हें आम पेपर के मज़बूत विकल्प के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जैसे विशेष ऐप्लीकेशन्स के लिए न फटने वाले, मैट–कोटेड समाधान। 30 से ज़्यादा योग्य प्रोफेशनल्स की मज़बूत आर एंड डी टीम के साथ, कोस्मो फिल्म्स पैकेजिंग, लेबलिंग और इंडस्ट्रियल ऐप्लीकेशन्स के लिए स्पेशलटी एवं सस्टेनेबल फिल्म सॉल्यूशन विकसित करने में लगातार निवेश कर रही है।

**About Cosmo Films:**

Cosmo Films is a global leader in specialty films for packaging, lamination, labelling and synthetic paper. With engineering of innovative products and sustainability solutions, Cosmo Films over the years has been partnering with worlds’ leading F&B and personal care brands and packaging & printing converters to enhance the end consumer experience. With manufacturing units in India and warehousing in different parts of the world, the company has been at the forefront of developing customer-centric solutions to deliver the finest product and service experience, backed by innovation, people, and processes.

**About Cosmo First Limited:**

Established in 1981 by Mr Ashok Jaipuria, Cosmo First Limited is an over four-decade-old global conglomerate. Its consumer vertical comprises Cosmo Consumer, which is into Window Films, Paint Protection Films & Ceramic Coatings for automobiles, and Zigly Pet Care, which provides a digital-first omni channel pet care ecosystem. Its industrial vertical includes Cosmo Films for specialty films for packaging, labels, lamination, and industrial applications; Cosmo Speciality Chemicals for coatings, adhesives and masterbatches, and Cosmo Plastech for rigid packaging. With sustainable innovation, development, and research embedded in its core values, Cosmo First serves customers in 100+ countries.